प्रादेशिक समाचार

दिनांक–29.04.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 10 दिवसीय विदेश दौरे के बाद आज स्वदेश लौटेंगे, स्पेन और स्वीडन की कंपनियों से मिले झारखंड में निवेश के प्रस्ताव।
2. आईपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता के 30 अप्रैल के बाद डीजीपी बने रहने पर केन्द्र लगायी रोक, केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड सरकार को लिखा पत्र।
3. पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने की कार्रवाई जारी, रांची से तीन बच्चों समेत चार पाकिस्तानी भेजे गये दिल्ली।
4. राज्य में दो मई तक मौसम में जारी रहेगा उतार–चढ़ाव, मौसम विभाग ने आज भी बारिश और ओलावृष्टि की जतायी संभावना।
5. कोल्हापुर में खेली जा रही 68वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स फुटबॉल चैंपियनशिप में झारखंड की बालक और बालिका टीम सेमीफाइनल में पहुंची।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विदेश दौरे के बाद आज स्वदेश लौटेंगे। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में 19 अप्रैल को राज्य से 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल यूरोप के दौरे पर गया था। विदेश दौरे के क्रम में स्पेन और स्वीडन की कई कंपनियों ने झारखंड में निवेश का प्रस्ताव दिया है। इससे पहले कल स्वीडन के भारतीय दूतावास में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्रवासी भारतीयों ने मुलाकात की। भारतीय समुदाय ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया और व्यापार, वाणिज्य और सांस्कृतिक आदान–प्रदान को लेकर सार्थक चर्चा की।

********************

भाजपा द्वारा राज्य के मंत्री हफीजुल हसन की डाक्टरेट की डिग्री पर सवाल उठाये जाने पर झामुमो ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पार्टी के वरिष्ठ नेता मनोज पांडेय ने कहा है कि अल्पसंख्यक को देखते ही भाजपा को पाकिस्तान याद आने लगती है।

गौरतलब है कि भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने रांची में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर कहा था कि जिस यूनिवर्सिटी ने मंत्री हफीजुल हसन को डॉक्टरेट की उपाधि दी है वह संस्थान पूरी तरह से फर्जी है और उसका पाकिस्तान के साथ कनेक्शन है।

********************

केंद्र सरकार ने झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता के 30 अप्रैल के बाद डीजीपी बने रहने पर रोक लगा दी है। इस संबंध में एक पत्र केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार को भेजा है। पत्र में कहा गया है कि डीजीपी की नियुक्ति के लिए राज्य सरकार द्वारा बनाया गया नियम ऑल इंडिया सर्विस रुल के अनुरुप नहीं है। गौरतलब है कि इसी वर्ष तीन फरवरी को राज्य सरकार ने श्री गुप्ता की नियमित नियुक्ति की थी। उनका कार्यकाल अगले दो वर्षों के लिए है। हालांकि उनकी सेवानिवृति 30 अप्रैल को ही है।

********************

कोडरमा के दौरे पर पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने सदर अस्पताल का जायजा लिया। इस दौरान मंत्री ने मरीजों से बातचीत की और मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री ने सदर अस्पताल की व्यवस्थाओं और सुविधाओं की सराहना की।

********************

पहलगाम आतंकी हमले के बाद केन्द्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने की कार्रवाई जारी है। रांची को डोरंडा में अपनी मां के साथ रह रहे तीन बच्चों समेत चार पाकिस्तानी नागरिकों को दिल्ली भेजा गया है। बच्चों के साथ उनकी मां भी है। अब दिल्ली में इन सभी को पाकिस्तान भेजने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

********************

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड में हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति के लिए प्रमाण पत्र सत्यापन से वंचित अभ्यर्थियों की अपील याचिका पर सुनवाई की स्वीकृति दे दी है। शीर्ष अदालत ने इस मामले में राज्य सरकार और झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग को नोटिस जारी किया है।

*******************

साहिबगंज जिले में कैच द रैन अभियान प्रभावी तरीके से चलाया जा रहा है। इसके जरिये वर्षा जल को संग्रहित करने को लेकर लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

*******************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- गुमला जिले में विधानसभा की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी और खूंटी विधायक राम सूर्य मुंडा मौजूद रहे।
- सरायकेला–खरसावां जिले में नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में पोक्सो एक्ट के विशेष जज रमाशंकर सिंह की अदालत में आरोपी हेमंत कुमार महतो को 25 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनायी है।
- देवघर जिला स्थापना समिति एवं अनुकम्पा समिति ने अनुकम्पा से जुड़े 09 आवेदनों को स्वीकृत किया। उपायुक्त विशाल सागर की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस पर सहमति बनी।

*******************

मौसम विभाग ने राज्य में दो मई तक मौसम में उतार–चढ़ाव जारी रहने की संभावना व्यक्त की है। विभाग ने आज भी रांची, रामगढ़, खूंटी समेत 15 जिलों में बारिश और ओलावृष्टि के साथ ही वज्रपात होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने लोगों को वज्रपात से बचने की सलाह दी है।

*******************

कोल्हापुर में खेली जा रही 68वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स फुटबॉल चैंपियनशिप में झारखंड की अंडर–14 बालक और बालिका टीम सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। झारखंड की बालक टीम ने उतराखंड को 1–0 से हराकर और बालिका टीम ने तमिलनाडु को 6–1 से पराजित कर अंतिम चार में प्रवेश किया।

*******************

महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड के जिम्नास्टों ने शानदार प्रदर्शन किया है। झारखंड के दिबास गायेन ने पोमेल हार्स इवेंट और रिम्स इवेंट में दो कांस्य पदक हासिक किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने पैरेलल बार्स में छठा और रिंग्स में चौथा स्थान भी प्राप्त किया। वहीं, झारखंड की एक अन्य प्रतिभाशाली जिम्नास्ट तुलिन तिवारी ने पोमेल हार्स इवेंट में पांचवां स्थान हासिल किया।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने रिम्स निदेशक को हटाने के आदेश पर हाईकोर्ट की रोक की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने वन भूमि घोटाले में एक और केस दर्ज करने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– 14 साल के वैभव की जयपुर के रण में सर्जिकल स्ट्राइक।

प्रभात खबर के शब्द हैं– गृहमंत्री अमित शाह 10 मई को रांची आयेंगे, करेंगे पूर्वी क्षेत्र परिषद की बैठक।

दैनिक जागरण ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के हवाले से लिखा है– पांच लाख पाक महिलाएं शादी करके भारत आयीं।